कुश्ती | प्रदेशभर से 150 बालक-बालिका पहलवान करेंगे भागीदारी

# अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती का शुभारंभ





**नवभारत,जबलपुर।** जिला एमेच्योर कुश्ती संघ, जबलपुर के तत्वावधान में अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 21 फरवरी को पीएनटी ग्राउंड, रानीताल में उत्तर मध्य विधायक डॉ. अभिलाष पांडे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाष पांडे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र गौरव की भावना को भी सुदृढ़ करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवम तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 150 बालक एवं बालिका पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जहां वे तमिलनाडु में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों एवं एक-एक कोच के ठहरने की व्यवस्था रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में की गई है, जबकि भोजन (नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन) की व्यवस्था रानीताल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा की गई है।

### पैदल मार्च कर पहुंचे, दिखा उत्साह

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस 21 फरवरी को दोपहर 3 बजे रानीताल कॉम्प्लेक्स से पीएनटी ग्राउंड तक आकर्षक पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें सभी खिलाड़ी, कोच एवं उस्ताद खलीफा उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मार्च के दौरान खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### इनका कहना है

कार्यक्रम में अध्यक्ष उमाशंकर पटेल (पूर्व प्राचार्य एवं कुश्ती विश्वामित्र अवार्डी, म.प्र.), सचिव राजेश राजपूत (पूर्व राष्ट्रीय पहलवान, म.प्र.), शेरू रेकवार, गोपाल तिवारी, जनार्दन सिंह, पवन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह राजपूत, निर्मल सिंह, दिलीप चक्रवर्ती, प्रवीण शर्मा, रोहन चतुर्वेदी, दीपक सिंह, रुद्र यादव, इलू महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता 21 से 23 फरवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है।

# टेबल-टू-टेबल ट्रेनिंग से तकनीकी रूप से दक्ष हुए कर्मचारी

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने आधुनिक कार्यप्रणाली को अपनाते हुए ई-ऑफिस व्यवस्था का सफलतापूर्वक संचालन शुरू कर दिया है। यह कदम न केवल कागजी कार्रवाई को कम करेगा, बल्कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और गति भी लाएगा। वर्तमान में मुख्यालय शक्ति भवन सहित प्रदेश के सभी फील्ड और वृत कार्यालयों में पत्राचार, नोटशीट और अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयीन कार्य इसी डिजिटल माध्यम से संपन्न हो रहे हैं एमपी ट्रांसको के आई.टी. हेड डॉ. हिमांशु श्रीवास्तव के अनुसार, इस प्रणाली को आईटी-ईआरपी संकाय द्वारा बेहद सुनियोजित तरीके से लागू किया गया है। प्रथम चरण में इसे जबलपुर स्थित मुख्यालय शक्ति भवन में शुरू किया गया, जिसके बाद दूसरे चरण में इसका विस्तार प्रदेश के अन्य क्षेत्रीय एवं फील्ड कार्यालयों तक किया गया। इस पूरी प्रक्रिया के सुचारु क्रियान्वयन में प्रोग्रामर नीलम मर्सकोले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जिन्होंने तकनीकी बारीकियों को धरातल पर उतारने में सक्रिय योगदान दिया।

### प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता

नई व्यवस्था को अपनाने में कर्मचारियों को कोई कठिनाई न हो, इसके लिए निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आई.टी.-ई.आर.पी. संकाय के प्रोग्रामर प्रवीण शुक्ला द्वारा विभिन्न कार्यालयों में व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर 'टेबल-टू-टेबल' और ऑनलाइन व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों की तकनीकी शंकाओं के त्वरित समाधान के लिए शक्ति भवन में एक समर्पित हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है। यहाँ नीलम मर्सकोले के नेतृत्व में कर्मचारियों को निरंतर तकनीकी सहयोग और मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिससे ट्रांसको डिजिटल कार्यसंस्कृति की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

# आरओएच डिपो में विशेष संरक्षा सेमीनार आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** न्यू कटनी जंक्शन स्थित आरओएच डिपो, एनकेजे में रेल परिचालन और वैगनों के रखरखाव की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय संरक्षा सेमीनार का आयोजन किया गया।

इस सेमीनार में अपर मंडल रेल प्रबंधक, सुनील टेलर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजिनिय टीआरओ, मंडल विद्युत इंजीनियर जबलपुर, मंडल यांत्रिक इंजीनियर आरओएच एनकेजे , एएम एनकेजे, एवं एडीईएन सहित मंडल के अन्य तकनीकी अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। इस बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु रेल कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच आपसी चर्चा के माध्यम से कार्य की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना था। सेमीनार के दौरान रेल संरक्षा के अत्यंत संवेदनशील पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रोल डाउन जैसी गंभीर घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, वैगनों में होने वाली तकनीकी समस्याओं जैसे हॉट एक्सल, फ्लैट टायर और लो टायर के कारणों और उनके निवारण पर गहन मंथन हुआ। रखरखाव की प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित बनाने हेतु मेंटेनेंस एग्जामिनेशन कार्यों की समीक्षा की गई। चर्चा के दौरान वैगनों के व्यवस्थित रखरखाव और उनके गहन निरीक्षण पर विशेष बल दिया गया ताकि परिचालन के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी विफलता की गुंजाइश न रहे।

## लोक निर्माण मंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह आज रविवार को जबलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री सिंह रविवार की सुबह 11 बजे बाबूराव परांजपे वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 276 में प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम में तथा सुबह 11.50 मदनमहल स्थित लाजवंती चैंबर में इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन एंड टेक्नोलॉजी के शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। लोक निर्माण मंत्री सिंह दोपहर 12 बजे भंवरताल उद्यान के समीप कल्चरल स्ट्रीट स्थित इंटिमेट थियेटर में न्यूज 24 द्वारा आयोजित 'मध्यप्रदेश का भविष्य- जबलपुर' कार्यक्रम में, दोपहर 12.20 होटल नर्मदा जैक्शन में आयोजित प्रेसवार्ता में तथा दोपहर 1.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

# नन्हें विद्यार्थियों ने दीं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां







**▶महर्षि किड्स होम में भव्य अवार्ड सेरेमनी एवं ग्रेजुएशन डे समारोह**

नवभारत, जबलपुर। महर्षि किड्स होम नेपियर टाउन, जबलपुर में भव्य अवार्ड सेरेमनी एवं ग्रेजुएशन डे समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश नरूला प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर नर्मदा रोड रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलेश पांडेय, प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर नेपियर टाउन उपस्थित रहे। अतिथि विशेष के रूप में राहुल जैन, प्रशासनिक अधिकारी, महर्षि विद्या मंदिर नेपियर टाउन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह का शुभारंभ श्री गुरुपूजन परंपरा एवं दीप प्रज्वलन एवं के साथ हुआ। इसके पश्चात नन्हे विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। वर्ष भर विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्रेजुएशन डे के अवसर पर कक्षा पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से बधाई दी गई।

### इनका रहा विशेष योगदान

इस सफल आयोजन में शिक्षिकाएँ भारती पिल्लई, सीमा त्रिवेदी, रितु मेहरे, आराधना नायक, हर्षिता तथा सहयोगी देव नारायण एवं यशराज का विशेष योगदान रहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्या अनामिका भट्टाचार्जी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन शताक्षी एवं पूनम द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रज्ञा राय द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# मध्यस्थता प्रशिक्षण न्यायिक अधिकारियों को प्रदान करता है विशेष दृष्टिकोण

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यस्थता विवादों के निपटारे की एक अत्यंत लोकप्रिय एवं प्रभावी विधा है। मध्यस्थता प्रशिक्षण न्यायिक अधिकारियों को विवादों के समाधान हेतु एक विशेष दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिससे वे जटिल मामलों का भी सौहार्दपूर्ण तरीके से निराकरण कर सकते हैं। यह बात प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर कृष्णमूर्ति मिश्र ने शनिवार को प्रदेश के न्यायाधीशों के लिए आयोजित 40 घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुभारंभ अवसर के दौरान अपने संबोधन में कही। यह आयोजन मीडिएशन कंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया है। प्रशिक्षार्थी न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए सुमन श्रीवास्तव सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि उनके व्यक्तिगत अनुभव के अनुसार मध्यस्थता प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित व्यक्ति एक नए दृष्टिकोण के साथ कार्य करता है। ऐसा व्यक्ति विवाद समाधान में विशेषज्ञता प्राप्त कर लेता है, जिससे पक्षकारों को सुमधुर संबंधों के साथ न्याय प्राप्त होता है तथा प्रकरण का अंतिम रूप से निराकरण हो जाता है। सीनियर मीडिएशन ट्रेनर अनुजा सक्सेना, सुमन शर्मा ने भी संबोधन दिया।

## हाईकोर्ट ने दुर्गेश पटेल को पेश करने का आदेश दिया

**नवभारत, जबलपुर।** माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की डबल बेंच, जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय शराफ, ने हैबीअस कॉरपस रिट पर सुनवाई करते हुए पुलिस को आदेश दिया है कि वह दुर्गेश पटेल को 25 फरवरी 2026 को न्यायालय में प्रस्तुत करे। प्रकरण में आवेदक की ओर से अधिवक्ता गौरव तिवारी और अधिवक्ता दीपक तिवारी ने पक्ष रखा।

# क्या महंगी होगी बिजली या मिलेगी राहत?

**नवभारत, जबलपुर ।** मध्यप्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं पर महंगाई की एक और मार पड़ने की संभावना है। प्रदेश की विद्युत कंपनियों ने 1 अप्रैल से बिजली की दरों में 10.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। इस मांग पर मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग उपभोक्ताओं की आपत्तियां सुनने के लिए 23 फरवरी से 26 फरवरी तक जनसुनवाई आयोजित करने जा रहा है। आयोग ने इस बार जनसुनवाई को हाइब्रिड मोड पर रखने का निर्णय लिया है, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता अपनी बात रख सकें। जिन उपभोक्ताओं ने पहले ही अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज करा दी हैं, वे दो तरीकों से शामिल हो सकते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं या भोपाल स्थित विद्युत नियामक आयोग के कोर्ट कक्ष में स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं।

### टैरिफ कम भी हो सकता है

बिजली कंपनियों के टैरिफ बढ़ाने के तर्क को विशेषज्ञों ने चुनौती दी है। विद्युत मामलों के विशेषज्ञों ने जानकारी दी है कि वर्तमान वित्तीय स्थिति को देखते हुए प्रदेश में बिजली के दाम बढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके विपरीत, यदि गणना सही तरीके से की जाए तो टैरिफ में 15 प्रतिशत तक की कमी की जा सकती है।

# सतत सुरक्षा से ही संभव सुरक्षित कार्य संस्कृति : नमिता


**औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय की 'श्री' पहल में कार्यशाला आयोजित**

**नवभारत, जबलपुर।** शनिवार को श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन के औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय, इंदौर द्वारा आयुध निर्माणी खमरिया में 'श्री' पहल के अंतर्गत एक दिवसीय सुरक्षित कार्य संस्कृति प्रशिक्षण अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नमिता तिवारी, डायरेक्टर सेफ्टी, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय ने कहा कि सुरक्षित कार्य संस्कृति निर्माण के लिए सतत, निरंतर और अनवरत सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी और सामूहिक प्रयास ही बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र चौबे, उपसंचालक, अभिषेक कुमार सेन, सहायक संचालक (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय, जबलपुर), और पवन मंडोत, सहायक श्रम आयुक्त जबलपुर सहित लगभग 100 अधिकारियों ने भाग लिया। अतिथि वक्ताओं में भावना कस्तूरिया और के. एन. मरीसेलवम, सहायक प्रबंधक सेफ्टी, एन.टी.पी.सी. ने स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में आर.के. गुप्ता, महाप्रबंधक, आयुध निर्माणी खमरिया और नमिता तिवारी ने सभी उपस्थित जनों को सुरक्षा शपथ दिलाई। कार्यक्रम के सफल संचालन में आयुध निर्माणी खमरिया की टीम, जिसमें आर. के. गुप्ता, राजीव सिंह, कैलाश चंद, और अन्य विभाग शामिल थे, ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। संचालन कार्य शिरिष गोंटिया और सत्येन्द्र रावत द्वारा किया गया।

# स्वयं सेविकाओं को बताई पोषण और सही जीवनशैली

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, राँझी, जबलपुर की टीम ने ग्राम पंचायत घाना में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के पाँचवें दिन विशेष बौधिक चर्चा आयोजित की। इस अवसर पर डॉ. स्वपना श्रीवास्तव ने स्वयं सेविकाओं को पोषण, स्वास्थ्य और सही जीवनशैली के दिशा-निर्देश दिए। डॉ. नीलमा रॉय ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया, वहीं डॉ. अंकिता पाण्डे ने मेनेजमेंट के महत्व पर जागरूक किया। प्रतिभा पटैल ने बच्चों को मतदाता जागरूकता के विषय में जानकारी दी और स्वाती मिश्रा ने क्षेत्रीय भाषा की महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम में सुश्री पूजा सेन, रवि दुबे, सुरेन्द्र तिवारी और अनिल डहेलिया आदि उपस्थित थे। संचालन एवं अभार राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ. माधुरी सिंह ने किया।



## एड. वीएन पटेल का निधन

**जबलपुर।** स्नेह नगर निवासी एडवोकेट वी. एन पटेल का निधन 69 वर्ष की आयु में शनिवार रात्रि 9.40 बजे हो गया है। अंतिम यात्रा निज निवास स्नेह नगर से 22 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे रानीताल मोक्ष धाम की ओर प्रस्थान करेगी।

# रेस्टॉरेंट संचालकों को किया खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता पर जागरूक

**▶कलेक्टर के निर्देश पर हुई होटल-रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक**




**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने होटल एवं रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से 50 से अधिक रेस्टॉरेंट संचालकों की बैठक आयोजित की। बैठक में संचालकों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए ग्राहकों को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसने संबंधी निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन में बेहतर खानपान आदतें विकसित करने के उद्देश्य से रेस्टॉरेंट परिसर में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा तैयार पोस्टर लगाना भी संचालकों ने स्वीकार किया। ज्ञात हो कि कलेक्टर के निर्देशानुसार 2 फरवरी को रेस्टॉरेंट संचालन के दौरान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर

दूरभाष नं. कार्या : 07792-233502 ईमेल-res_nsp@yahoo.co.in

क्रमांक/2360/निविदा/गायांसे/2026 | नरसिंहपुर, दिनांक : 12/02/2026

**संक्षिप्त निविदा**

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 17/2025-26**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से दो लिफाफा पद्धति (Covers 2) के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशन दर निविदा प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार निविदाएं लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी (विद्युत/सिविल)में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | ग्राम पंचायत | विकास खंड | निविदा लागत (पीएसी) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2026_RES_482182_1 | 1. सामान्य मरम्मत कार्य शा. एकी. माध्य. शाला विलोनी 2. सामान्य मरम्मत कार्य शा. एकी.माध्य. शाला भामा। | इमझिरी भामा | चॉवरपाठा | 471007 | 9500 | 2000 | 03 माह | प्रथम |
| 2 | 2026_RES_482186_1 | 1.सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य. शाला छींदखेड़ा 2.सामान्य मरम्मत कार्य शा.प्रा. शाला भिलमाढाना 3. सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य. शाला भिलमाढाना। | भिलमाढाना | चीचली | 1184639 | 2400 | 2000 | 04 माह | प्रथम |
| 3 | 2026_RES_482187_1 | 1. सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य.शाला बैरागढ़ 2. सामान्य मरम्मत कार्य शा. एकी.माध्य.शाला इमलिया (गोलगॉव) 3.सामान्य मरम्मत कार्य शा. प्रा.शाला इंदिरा आवास चीचली। | बैरागढ़ इमलिया (पिपरिया) - | चीचली | 1009401 | 20500 | 2000 | 04 माह | प्रथम |
| 4 | 2026_RES_482189_1 | 1.सामान्य मरम्मत कार्य शा. एकी.माध्य.शाला ठेमी 2.सामान्य मरम्मत कार्य शा. एकी.माध्य.शाला जमुनिया 3. सामान्य मरम्मत कार्य शा. एकी.माध्य.शाला बेलखेडी शेड 4.सामान्य मरम्मत कार्य शा. एकी.माध्य.क.शाला बरहेटा। | ठेमी जमुनिया बेलखेंडी शेड बरहेटा | गोटेगांव | 1583433 | 32000 | 2000 | 04 माह | प्रथम |
| 5 | 2026_RES_482190_1 | 1.सामान्य मरम्मत कार्य शा. एकी.माध्य.शाला अंधियारी 2.सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य.शाला मगरधा। | गाडरवारा खेड़ा मगरधा | गोटेगांव नरसिंहपुर | 665964 | 13500 | 2000 | 03 माह | प्रथम |
| 6 | 2026_RES_482192_1 | 1.सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य. शाला मानेगॉव 2. सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य. शाला भुगवारा। | मानेगांव भुगवारा | करेली | 997453 | 20000 | 2000 | 04 माह | प्रथम |
| 7 | 2026_RES_482194_1 | 1. सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य.शाला सरसला 2. सामान्य मरम्मत कार्य शा. प्रा.शाला रामपिपरिया। | सरसला रामपिपरिया | करेली | 516231 | 10500 | 2000 | 03 माह | प्रथम |
| 8 | 2026_RES_482195_1 | 1.सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य. शाला जमाडा 2. सामान्य मरम्मत कार्य शा. माध्य., शाला काटजुनगर 3. सामान्य मरम्मत कार्य शा. प्रा.शाला झिकौली। | जमाड़ा पलोहाबड़ा झिमौली | सॉइखेड़ा | 1031943 | 21000 | 2000 | 04 माह | प्रथम |

निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ दिनांक- 20/02/2026 प्रातः 10:30 बजे। निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक- 27/02/2026 शाम 06:30 बजे। निविदा कवर "अ" खुलने की दिनांक - 02/03/2026 प्रातः 11:00 बजे।

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स),वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की दिनांक से निविदा कवर "अ" (कवर-1) एवं कवर-"स" (कवर-3) ऑनलाईन ही जमा/अपलोड (submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। लिफाफा ए (पंजीयन की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र, जीएसटी नंबर की छायाप्रति, परिशिष्ट H) एवं अन्य लिफाफे ONLINE ही स्वीकार किए जावेंगे। निविदा में संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जायेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है, कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें एवं निविदा प्रपत्र क्रय करने के पूर्व स्थल का निरीक्षण कर लेवें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें एवं वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर

जी-26182/25 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता